**दिनांक** : 04 .07.2026 **समय** : 02.10PM

# आकाशवाणी मध्यप्रदेश

**<u>प्रधानमंत्री – जोधपुर हवाई अड्डा</u>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राजस्थान में जोधपुर हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। चार सौ 80 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह नया टर्मिनल भवन प्रति वर्ष 20 लाख यात्रियों की आवाजाही के लिए डिजाइन किया गया है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नए टर्मिनल भवन से यात्रियों को सुगम और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। इससे क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।

**कॉपरेटिव दिवस**

आज अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन और केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पोस्ट में उपराष्ट्रपति ने कहा कि सहकार से प्रेरित सहकारिता, किसानों, महिलाओं और लघु उद्यमियों को सशक्त बनाने में एक शक्तिशाली भूमिका निभाती है।

वहीं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि सहकारिता भारत की संस्कृति, सामूहिक शक्ति और आत्मनिर्भरता की नींव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र ने नई गति प्राप्त की है और इसका उल्लेखनीय विस्तार हुआ है।

मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने भी अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि के विजन और सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता आंदोलन आज देश के विकास की प्रमुख धारा बना हुआ है।

**ज्ञानेश कुमार– मध्य प्रदेश दौरा**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार प्रदेश के दो दिन के दौरे पर हैं।

श्री कुमार आज इंदौर में आयोजित बूथ लेवल अधिकारियों के सम्मेलन में इंदौर, उज्जैन, देवास, धार और खंडवा जिले के एक हजार पांच सौ से अधिक बूथ लेवल अधिकारियों के साथ सीधा संवाद करेंगे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त कल ओंकारेश्वर और महेश्वर के धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे।

## विवेकानन्द

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की संस्कृति, आध्यात्मिकता और राष्ट्रीय चेतना को वैश्विक मान्यता दिलाने में स्वामी विवेकानंद का योगदान अतुलनीय है। श्री मोदी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की बुद्धि और प्रेरणादायक विचार लाखों युवाओं का मार्गदर्शन करते रहेंगे और उनकी आध्यात्मिक शिक्षाएं विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में देश को नई दिशा प्रदान करती रहेंगी।

## सरकार – प्याज कीमत

केन्द्र सरकार ने मूल्य स्थिरीकरण बफर के लिए प्याज के खरीद मूल्य में 13 प्रतिशत की बढोतरी की है। इसका खरीद मूल्य एक हजार 875 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर अब दो हजार 125 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बताया कि संशोधित खरीद मूल्य आज से प्रभावी हो गया है। मंत्रालय के अनुसार इससे प्याज किसानों को बेहतर लाभ मिलेगा और साथ ही बफर खरीद प्रयासों को भी सहायता मिलेगी।

## मौसम

प्रदेश में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से कई जिलों में जनजीवन प्रभावित हो गया है। नदियां और नाले उफान पर हैं, जिससे कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। हरदा में नर्मदापुरम–खंडवा स्टेट हाईवे बंद हो गया है, जबकि खंडवा, सीहोर और उज्जैन समेत कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 19 जिलों में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। बड़वानी और खंडवा जिले सबसे अधिक प्रभावित रह सकते हैं, जहां रेड अलर्ट घोषित किया गया । मौसम विभाग ने रतलाम, उज्जैन, झाबुआ, धार, आलीराजपुर, खरगोन, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा और बालाघाट जिलों में अति भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं इंदौर, देवास, सीहोर, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर और पांढुर्णा जिलों में भारी वर्षा होने का अनुमान है।

**संक्षिप्त समाचार :–**

- शिवपुरी जिले में खेत बचाओ अभियान'के तहत किसानों को आधुनिक वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी गई।
- झाबुआ में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर कार्यालय परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान और श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**और**

- सतना में जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और जनप्रतिनिधि से सीधे संवाद को सशक्त बनाने की दिशा में आज सांसद गणेश सिंह ने सांसद सुविधा केंद्र के ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया।

**नमस्कार।**

..............................